NEWS18 हिंदी

## Saharanpur News: 1100 KG नकली पनीर की होने वाली थी काला बाजारी, फूड डिपार्टमेंट ने पकड़ा

**सहारनपुर.** त्योहारों के आते ही बाजार में नकली पनीर, खोया, मावा की काला बाजारी शुरू हो जाती है. बड़ी मात्रा में नकली और मिलावटी मिल्क प्रोडेक्ट मिलने लगते हैं. वहीं अब दीपावली के त्योहार को लेकर फूड डिपार्टमेंट अलर्ट है. इसी के चलते खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन की टीम ने बड़ी मात्रा में दिल्ली–सहारनपुर हाईवे पर दो गाड़ियों से 11 सौ किलो मिलावटी पनीर पकड़ा है.

बताया जा रहा है कि ये पनीर मेरठ से सप्लाई के लिए लाया जा रहा था. खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम को मुखबिर से सूचना मिली थी कि मेरठ के सरधना इलाके से मिलावटी पनीर की बड़ी खेप सहारनपुर लाई जा रही है. सूचना के आधार पर टीम ने रात से ही हाईवे पर निगरानी शुरू की और तड़के दो गाड़ियों को पकड़ा. जांच में पाया गया कि पनीर मिल्क पाउडर और रिफाइंड ऑयल से तैयार किया गया था, जो सेहत के लिए बेहद हानिकारक है.

Source: https://hindi.news18.com/news/uttar-pradesh/saharanpur-1100-kg-fake-paneer-seized-by-food-safety-drug-administration-team-9735268.html